आकाशवाणी केन्द्र शिमला

02.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9.20 बजे

गांधी–शास्त्री श्रद्धाजंलि

समग्र देश आज राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की 156वीं जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर श्रद्धा–सुमन अर्पित कर रहा है। राजधानी दिल्ली में महात्मा गांधी की समाधि राजघाट पर सर्व धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर देश सहित प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, प्रधानमंत्री ने कहा कि गांधी जयंती, प्रिय बापू के असाधारण जीवन के प्रति कृतज्ञ होने का दिन है, जिनके आदर्शों ने मानव इतिहास की दिशा बदल दी।

वहीं राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने शिमला के रिज मैदान में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। राज्यपाल ने लालबहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

दशहरा

विजय दशमी यानी दशहरा पर्व आज आस्था और उल्लास से मनाया जा रहा है। यह दिन नवरात्रि अनुष्ठान और दुर्गा पूजा के समापन तथा बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज दिल्ली के माधवदास पार्क में दशहरा उत्सव में शामिल होंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्वी दिल्ली के पटपड़गंज में शाम छह बजे रामलीला समिति द्वारा आयोजित पारंपरिक रावण दहन आयोजन में उपस्थित रहेंगे।

इस बीच अपनी अनूठी परम्परा के लिये देश–विदेश में मशहूर सप्ताह भर चलने वाला कुल्लू दशहरा आज भगवान श्री रघुनाथजी की रथ यात्रा के साथ शुरू होगा । राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल रथ यात्रा कार्यक्रम में भाग लेंगे तथा शाम के समय लाल चंद प्रार्थी कलाकेंद्र में कुल्लू दशहरे का विधिवत उद्घाटन करेंगे जबकि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू 8 अक्टूबर को दशहरा के समापन समारोह की अध्यक्षता करेंगे ।

बधाई

दशहरा पर्व पर राष्टपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ल, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने अपनी शुभकामनाएं दी हैं। इन नेताओं ने अपने संदेश में कहा यह त्यौहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। उन्होंने कामना की कि साहस, विवेक और समर्पण हमेशा लोगों का मार्गदर्शन करते रहें।

सेवा पर्व

पूर्वोत्तर विकास यात्रा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सेवा और सुशासन मंत्र के आधार पर परिवर्तन और प्रगति के लिए अनवरत कार्य कर रही है। विशेष श्रृंखला–सेवा पर्व में आज हम आपको बता रहे हैं कि किस प्रकार मोदी सरकार भारत की विकास यात्रा में पूर्वोत्तर को सशक्त माध्यम बनाने पर बल दे रही है।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से ––––

अमर उजाला मुख्यमंत्री के हवाले से लिखता है–बुजुर्गों के लिए रोगी मित्र योजना जाएगी सरकार।

पंजाब केसरी की सुर्खी है– हिमाचल की अफसरशाही के नए मुखिया बने संजय गुप्ता। दैनिक जागरण के शब्द हैं–संजय गुप्ता को प्रदेश के मुख्य सचिव का अतिरिक्त कार्यभार।